महत्वपूर्ण एवं खास

तापमान में और गिरावट से बढ़ेगी ठंड

रायपुर (आरएनएस)। मौसम विशेषज्ञों ने तापमान में लगातार कमी और ठंड बढ़ने के आसार जताए हैं। राज्य के अमूमन सभी संभागों में अच्छी वर्षा हुई। इससे दिन के तापमान में काफी ज्यादा गिरावट आई। दूसरी तरफ नमी और बदली की वजह से रात का तापमान भी बढ़ गया। बारिश के साथ तेज हवा के कारण ठंड बढ़ गई थी। इस दौरान उत्तर की बर्फीली हवा नदारद रही। समुद्री हवा लौटने से मौसम साफ होने के साथ उत्तरी हवा का रास्ता भी बनने लगा है। प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को भी हल्की बारिश हुई जिससे ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम साफ होने पर रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड और बढ़ेगी।

डीआई वाहन ने साइकिल सवार बच्चे को मारी ठोकर,हादसे में बच्चे का पैर टुटा

रायपुर (आरएनएस)। साइकिल से जा रहे बच्चे को तेज रफ्तार डीआई वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। हादसे में बच्चे का पैर टुट गया। मामले में पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चोरभटठी का निवासी नरोत्तम बंजारे 34 वर्ष ने खरोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 15 जनवरी को दोपहर 1 बजे के करीब तीन बच्चे ग्राम चोर भट्ठी से सायकिल से कोरासी जा रहे थे,तभी तेज रफ्तार डीआई वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 5260 के चालक ने एक बच्चे को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसका पैर टुट गया। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 279,337,388 का मामल दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम केसला खरोरा निवासी तोरण देवांगन ने थाने में 15 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी का भाई तुकेश्वर देवांगन पिता चंद्रसेन देवांगन उम्र 37 वर्ष अपने बाइक से दुकान आ रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर ?दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो जाने पर डॉयल 108 वाहन से उसे अस्पताल ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279,304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

इनाम का लालच देकर आरक्षक से लाखों की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। इनाम पाने के लालच में 4.20 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। शातिर ठग ने इनामी कूपन का दिलाने का झांसा देकर कांस्टेबल को एनी डेस्क एप डाउनलोड कराया। फिर ओटीपी पूछकर उसके और उसकी मां के बैंक अकाउंट से रुपए ट्रांसफर कर लिए। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस लाइन में रहने वाले हरीश कौशिक आरक्षक के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि 29 दिसंबर को मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। उसे बताया गया कि पे-फोन से उसे लकी ड्रॉ मिला है और उसे चार हजार रुपए मिल जाएगा। इसके लिए उसे मोबाइल पर एनी डेस्क एप का लिंक भेजा गया और उसे डाउनलोड कर ह्लक्कबताने कहा गय।आरक्षक उसके झांसे में आ गया है और एप डाउनलोड कर ओटीपी कोड भी बता दिया।

दान का महापर्व छेरछेरा 17 को लोग करेंगे अन्न दान

रायपुर (आरएनएस)। नए वर्ष का प्रथम पूर्णिमा इस बार 17 जनवरी दिन सोमवार को पड़ रहा है यह दिन छेरछेरा पुन्नी के रूप में मनाया जाएगा। इसे दान का महापर्व कहा जाता है। महिलाएं पुरुष परिवार के सभी सदस्य छोटे बच्चे से लेकर बड़े को भी दिल खोलकर दान करते हैं कोई अन्न दान के रुप में धान चावल रूपए पैसे आदि खुले हाथ से बांटते हैं। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलियान से घर आने के बाद मनाया जाता है यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दान सिलता की परंपरा को याद दिलाता है उत्सव धर्मिता से जुड़ा छत्तीसगढ़ का मानस लोक पर्व के माध्यम से सामाजिक समरसता को शुद्ध करने के लिए आदिकाल से संकल्पित रहा है इस दौरान लोग घरों में जाकर अन्न दान मांगते हैं। प्रत्येक घरों में जाते समय लोग उत्साह के साथ छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा, अरन बरन जमे देबे तभे टरन जैसे लोकलुभावन शब्दों का उच्चारण होता है जो लोगों के दिलों में प्रेम भावना को जागृत करते हैं। इस दिन अन्नपूर्णा देवी तथा मां शाकंभरी देवी की पूजा की जाती है ऐसा माना जाता है कि जो भी बच्चों को अन्न दान करते हैं वह मृत्युलोक के सारे बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। छेरछेरा पर्व की खुशी में लगभग गांव शहर सभी जगह पकवान वह रोटियां बनाई जाती है जिसे चांव से खाते हैं। श्री दुर्गा सप्तशती के 11 वां अध्याय में उल्लेख मिलता है कि देवी दुर्गा जब संसार में दानवी बाधा उपस्थित हो रही थी तब अवतार लेकर शत्रुओं का नाश करने की बात कहती है। एक बार धरती लोक में घोर अकाल पड़ गया लगातार 12 वर्षों तक पानी नहीं गिरा। तब लोग रोते हुए अपने शरीर को बचाने के लिए देवी मां की प्रार्थना की उसे सुनकर मां शताक्षी रूप में प्रकट होकर सबसे पहले सौ नेत्रों से मुनियो को देख कर कल्याण किया और उसी आंख के आंसू से वर्षा करके शाक उत्पन्न कर जनता का भरण पोषण किया तथा आशीष दिया कल्याण हो इन्हीं शब्दों को परिष्कृत कर छेरछेरा के रूप में उच्चारित किया गया। यह पर्व राजा बलि के द्वारा वामन भगवान को तीन पग भूमि दान करने की बात को भी उद्धृत करता है। सोमवार का दिन सप्ताह का शुरुआत होता है अतः लोगों में खासतौर से खुशी होती है। तीर्थ नगरी प्रयागराज त्रिवेणी संगम में इस दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान दान एवं दीपदान तथा दर्शन के लिए उपस्थित होते हैं और डुबकी लगाकर अपने भाग्य की सराहना करते हैं।

घरेलू विवाद पर पत्नी को जिंदा जलाया, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर में घरेलू विवाद को लेकर पत्नी पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपित पति सुरेन्द्र सेन को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ 307 के अपराध कायम किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी विकास अग्रवाल ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि सुरेंद्र सेन अपनी पत्नि के साथ रहता है। शराब पीकर आए दिन झगड़ा करता था। 14 जनवरी को रात नौ बजे दौरान सुरेन्द्र सेन के घर से चिल्लाने की आवाज आई। जिसके बाद सुरेंद्र सेन की पत्नि की चीखने पुकारने की आजाव सुनकर प्रार्थी व अन्य लोग जाकर देखें तो सुरेंद्र की पत्नि कुंती सेन आग से जल रही थी, उसका पति मोटर साइकल लेकर वहां से भाग गया। प्रार्थी व अन्य लोग कुंती सेन को बुझाने में लगे। इसके बाद 108 से मेकाहारा अस्पताल भेजा गया। इसकी सूचना विधानसभा थाने को दी गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

दो वाहनों की बीच जबरदस्त टक्कर, दो की हालत नाजूक

रायपुर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा जिले में शनिवार देर रात ट्रैक्टर और तूफान वाहन में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब 14 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे में घायल हुए 2 ग्रामीणों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिन्हें दंतेवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य घायलों का गीदम अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा गीदम-बारसूर मुख्यमार्ग में हुआ है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक गीदम-बारसूर मुख्यमार्ग में रोंजे गांव के पास ट्रैक्टर और तूफान वाहन की टक्कर हुई है। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद ट्रैक्टर की ट्राली पलट गई और तूफान वाहन खेत में जा घुसी। ट्रैक्टर ट्राली में सवार ग्रामीण काफी दूर तक फेंका गए थे। हादसे के बाद गांव के लोग घटना स्थल पहुंचे जिन्होंने सभी घायलों को निकाला। जिसके बाद इस हादसे की सूचना फौरान गीदम थाना और एंबुलेंस 108 को दे गई। मौके पर पहुंचे जवानों ने ग्रामीणों की मदद से सभी 14 घायलों को एंबुलेंस 108 से गीदम अस्पताल पहुंचाया। जिनमें 2 ग्रामीणों की स्थित बेहद नाजुक बनी हुई है।

गूगल मीट : लक्ष्य हासिल करने निरंतर प्रयास एवं अभ्यास करते रहना चाहिए

कोरबा (आरएनएस)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतरदा के व्याख्याता राकेश टंडन ने गूगल मीट के माध्यम से जिला के कक्षा बारहवीं व दसवीं के छात्र. छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने व अच्छे अंक हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य जीपी लहरे, पीपी अंचल, पटवर्धन खांडे, अनुज कुमार जांगड़े, शासकीय स्कूल उड़ता से व्याख्याता राजेश नवरंग अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में कक्षा 12 वीं के 90 व कक्षा 10 वीं के 70 विद्यार्थी शामिल हुए। व्याख्याता राकेश टंडन ने शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी किन कारणों से शिक्षा के क्षेत्र में पीछे रह जाते हैं, इसकी जानकारी देते हुए कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको हासिल करने के लिए समय प्रबंधन करते हुए तैयारी करना चाहिए। जिन विषयों को हम भूल जाते हैं, उनको बार.बार लिख कर अभ्यास करना चाहिए। साथ ही उसकी मिलान अपने नोटबुक और पुस्तकों से करनी चाहिए। कठिन चैप्टर की तैयारी करने के लिए शिक्षकों के सहयोग से उस विषय का बार-बार अध्ययन करना चाहिए। जो पाठ आज पढ़ चुके हैं उसको पुनः कुछ दिन बाद पुनरावृति करें तथा अभ्यास करके देखें। परीक्षा के भय पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यदि हम समय रहते अच्छे से तैयारी करें तथा परीक्षा के पैटर्न के आधार पर बार.बार लिखित अभ्यास करें, तो निश्चित ही हमारे अंदर से परीक्षा का भय समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के प्रलोभन या दबाव में आकर अपना पढ़ाई लिखाई नहीं करना है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में नींद लेने की तथा व्यायाम एवं मनोरंजन के लिए कुछ समय देने की आवश्यकता होगी। लगातार पढ़ाई करने के बाद 5.10 मिनट के लिए ब्रेक लेना चाहिए। इस कोरोना काल में हम गूगल मीट के माध्यम से अपने शिक्षकों व अपने दोस्तों से समूह चर्चा के माध्यम से भी अध्ययन कर सकते हैं। अध्ययन करते वक्त अच्छी रोशनी, शोरगुल रहित तथा जहां शुद्ध और ताजा हवा आ सके ऐसे जगह में रहकर पढ़ाई करने की कोशिश करना चाहिए तथा कुर्सी या जमीन में बैठकर पढ़ना चाहिए। प्रश्न पत्र को हल करते समय हमेशा आपको यह ध्यान देना होगा कि सबसे पहले हमको सभी प्रश्नों को अच्छे से पढ़ना है तथा प्राथमिकता क्रम में जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छे से दे सकते हैं, उनको पहले हल करना है।

सभी पात्र लोगों को मिलेगा आवास योजना का लाभ - रविंद्र चौबे

» मंत्री चौबे द्वारा 192 हितग्राहियों को स्वीकृत आवास का कार्यादेश वितरित

रायपुर (आरएनएस)। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज साजा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 स्थित अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में 192 हितग्राहियों को स्वीकृत आवास के निर्माण का कार्यादेश प्रदान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कृषि मंत्री चौबे ने इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद साजा नगर के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान एवं कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार की मंशा लोगों को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाकर उनके जीवन स्तर में बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि आवास योजना का लाभ सभी पात्र परिवारों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के आवास मंजूर हुए हैं, वे अपने सपनों के अनुरूप घर बनाए। मंत्री चौबे ने कहा कि अब तक आवास स्वीकृति की सूची में जिनका नाम नहीं आया है, उन्हें निराश होनें की कोई आवश्यकता नहीं है। आगे उनका भी नाम आयेगा, उनका भी पक्का घर जरूर बनेगा। इसकी जवाबदारी हम सभी जन प्रतिनिधियों की है।

मंत्री चौबे ने कहा कि साजा नगर पंचायत के विकास में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने साजा क्षेत्र में दो कालेज एवं आईटीआई खुल चुका है। इस इलाके में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की सुविधा के लिए आने वाले समय में और शैक्षणिक संस्थान खुलेंगे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल ने बताया कि साजा नगर पंचायत में इस बार 192 हितग्राहियों के लिए आवास की स्वीकृति मिली है। नगर पंचायत साजा में आवास योजना के तहत अब तक कुल 582 आवासों की स्वीकृति मिल चुकी हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश वर्मा, मनोज जायसवाल, संतोष वर्मा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ओम वर्मा, एसडीएम धनराज मरकाम, तहसीलदार विनोद बंजारे, सीएमओ आरएल सुधाकर, पार्षदगण, कार्यकर्ता, नगरवासीगण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बाड़ी विकास प्रोजेक्ट से किसान हो रहे लाभान्वित

कोरबा (आरएनएस)। समय के साथ कदमताल करते हुए सार्वजनिक उद्यम और किसान लगातार अग्रगामी प्रयास करने में जुटे हुए हैं। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड वेदांता समूह के द्वारा बाड़ी विकास प्रोजेक्ट संचालित करते हुए किसानों को लाभान्वित करने का काम जारी है। परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामों में किसानों को इस उद्यम से जोडने और तकनीकी मार्गदर्शन देने के काफी अच्छे फायदे हुए हैं।

कंपनी का सामुदायिक विकास विभाग इस काम को देख रहा है। बताया गया है कि बालकोनगर परियोजना के आसपास आने वाले अनेक ग्रामों में इस तरह के प्रोजेक्ट कुशलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं। किसानों के साथ मिल.बैठकर उनके पुराने अनुभव जानने और नवीन महत्वकांक्षाओं की जानकारी लेने के साथ उन्नत खेती की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। बताया गया कि इस कड़ी में अच्छी केटेगिरी के बीज से लेकर संसाधन और कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों की सलाह किसानों को दी जा रही है। इसे अपनाने के साथ किसानों ने पाया है कि उनके जिन खेतों में पहले औसत उत्पादन हो रहा था अब वहां की तस्वीर बदली है।

कॉलेजों की आंतरिक और प्रायोगिक परीक्षाएं कोराना की वजह से स्थगित

कोरबा (आरएनएस)। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर से संबद्ध सभी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2021.22 की मुख्य परीक्षाओं से पहले होने वाली ऑफ्लाइन प्रायोगिक परीक्षाओं के साथ आंतरिक मूल्यांकन को स्थगित कर दिए हैं। ये दोनों ही परीक्षाएं हर छात्र के लिए अहम होती हैं, क्योंकि इनमें मिलने वाले अंक मुख्य परीक्षा के अंक साथ जोड़े जाते हैं। जो छात्रों के उत्तीर्ण होने के साथ उनकी श्रेणी का निर्धारण करते हैं।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर आने से फिर छात्रों के अध्ययन अध्यापन के साथ परीक्षाओं पर प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने इस आशय का सर्कुलर 13 जनवरी को सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को जारी कर दिए हैं। डॉ.शर्मा ने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण का व्यापक प्रभाव अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्रों पर भी पड़ रहा है। इसके कारण कॉलेजों में आंतरिक परीक्षाएं व प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। उक्त दोनों ही परीक्षाओं कब व किस मोड में होंगी, इसकी अलग से जानकारी दी जाएगी।

गवर्नमेंट पीजी लीड कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके सक्सेना ने बताया कि यूनिवर्सिटी के कुलसचिव से मिली निर्देश के बाद आंतरिक व प्रायोगिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की संशोधित तिथि आने तक छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी की अधिकृत वेबसाइट का लगातार अवलोकन करते रहना होगा। छात्रों को परीक्षाओं से संबंधित जानकारी जारी की जाएंगी। यूनिवर्सिटी ने नियमित व स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं से मुख्य व सेमेस्टर परीक्षा- 2022 के लिए आनलाइन नामांकन व परीक्षा आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई थी। छात्रों द्वारा इस प्रक्रिया में भाग लेने के बाद संबंधित कॉलेजों में दस्तावेज जमा कराए गए थे। छात्रों के दस्तावेजों को कॉलेज प्रमुखों द्वारा 22 से 25 जनवरी तक जमा करना होगा। अन्यथा छात्र परीक्षा से वंचित हो जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में आफ्लाइन अध्ययन अध्यापन को बंद करने आदेश दे दिए हैं। अब सभी संकायों की मुख्य परीक्षाएं किस मोड में आयोजित की जाएंगी, इसको लेकर छात्रों के साथ.साथ कॉलेज प्रबंधन में भी संशय की स्थिति बनी हुई है। एयू से संबद्ध सभी कॉलेजों में मुख्य परीक्षाएं अप्रैल से शुरू हो जाती हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुंवर सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैल करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य नेतृत्व पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

दहिमन संजीवनी असाध्य रोगों में है रामबाण दवा

कोरिया (आरएनएस)। सदियों से जब विश्व में अंग्रेजी दवाओं का आविष्कार नहीं हुआ था तब से लेकर अंग्रेजी दवाओं के जन्म तक आयुर्वेदिक औषधियों वनस्पति जड़ी बूटी आदि के जरिए असाध्य रोगों का उपचार आयुर्वेदाचार्यों/ऋषिमुनियों द्वारा किये जाने के प्रमाण वेद और पुराणों में मौजूद है। प्राचीन भारत में राजाओं के मध्य सत्ता संघर्ष को लेकर होने वाले महायुद्धों में आयुर्वेदिक औषधियों का चमत्कार सर्वविदित है। गोस्वामी तुलसी दास कृत रामायण में भी राम रावण के बीच होने वाले युद्ध में लक्ष्मण के मूर्छित होने पर महाबली हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी की खोज में पूरा पर्वत उठाकर लाने का प्रसंग आज भी आयुर्वेदिक औषधियों के महत्व को असाध्य बीमारियों के उपचार में प्रतिपादित करता है। जहां अंग्रेजी दवाओं का सफर कम होता है वहां आयुर्वेदिक उपचार ही मरीज को लाभांवित करता है इस संबंध में सरगुजा संभाग के घने वनों से घिरे कोरिया के रेंजर अखिलेश मिश्रा द्वारा जनहित में आयुर्वेदिक दहिमन संजीवनी का विलुप्त होने पर चिंतन व्यक्त करते हुए उसके महत्व को आधुनिक संदर्भ में विस्तार से आम लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने के पीछे जड़ी बूटी के महत्व को आम लोगों को जनवाना है इसी कड़ी में मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारत को आयुर्वेद का गुरु माना जाता है, क्योंकि यहां सदियों से आयुर्वेद को लेकर बड़े-बड़े शोध होते रहे हैं. यहां ऐसी कई दुर्लभ प्रजातियों पेड़ पौधों पाए जाते हैं, जो कई असाध्य रोगों के लिए रामबाण उपयोगी साबित हुए है. इन्हीं में से एक है दहिमन का पेड़, जो काफी दुर्लभ होता है और आसानी से इसकी पहचान नहीं की जा सकती. इस पेड़ के फल, पत्ती, जड़ तना सभी कुछ असाध्य रोगों और शारीरिक समस्या के लिए काम आता है. कई तरह की बीमारियों में ये संजीवनी का भी काम करता है.

रामबाण दहिमन संजीवनी मरीजों की चिकित्सा के लिए सर्वोत्तम औषधि

दहिमन पेड़ का बॉटेनिकल नाम कॉर्डिया मैकलोडी हुक है, जिसे दहिमन या देहिपलस के नाम से भी जाना जाता है, दहिमन एक औषधीय गुणों से भरपूर पेड़ है. जो किसी भी प्रकार की संजीवनी बूटी से कम नहीं है. कहा जाता है कि यह कैंसर जैसी घातक बीमारी को भी ठीक कर सकती है. दहिमन के बारे में हमारे ग्रंथों में भी वर्णन किया गया है और लोगों की कुछ धार्मिक आस्था भी इस पेड़ से जुड़ी हुई है.